17 मुहावरे एवं लोकोक्तियाँ

पाठ-योजना

पाठ का उद्देश्य

- मुहावरे/लोकोक्तियों के प्रयोग को समझाना।
- वाक्यांश के सामान्य अर्थ व विशिष्ट अर्थ के अंतर को समझाना।

सहायक सामग्री

- स्मार्ट बोर्ड, मोबाइल फ़ोन, पाठ्यपुस्तक, पाठ्यपुस्तक में दिया QR Code, शैक्षिक सामग्री।

पूर्व-ज्ञान

- भाषायी चमत्कार से आप क्या समझते हैं?
- साधारण भाषा व आलंकारिक भाषा में क्या अंतर है?
- मुहावरों को भाषायी अलंकार से युक्त क्यों कहा जाता है?
- मुहावरों का प्रयोग वाक्य में कहाँ होता है– प्रारंभ में, मध्य में या अंत में?
- लोकोक्तियों का प्रयोग वाक्य में कहाँ होता है– प्रारंभ में, मध्य में या अंत में?

प्रमुख बिंदु

- प्रश्न पूछकर पाठ की रूपरेखा तैयार करना।
- QR Code स्कैन कर वीडियो दिखाना।
- बताना–
  - ऐसे वाक्यांश जिनका सामान्य अर्थ गौण हो जाए व विशिष्ट अर्थ रूढ़ हो जाए, मुहावरे कहलाते हैं।
  - मुहावरों का प्रयोग भाषा को प्रभावी बनाता है।
  - प्रभावपूर्ण, संक्षिप्त व सारगर्भित वक्तव्य के लिए तथा विचारों के आदान-प्रदान हेतु मुहावरों/लोकोक्तियों का प्रयोग किया जाता है।
  - लोकोक्ति का अर्थ है– लोक में प्रचलित उक्ति या कथन में।
  - लोकोक्ति स्वतंत्र वाक्य के रूप में प्रयुक्त होती है।
  - मुहावरा वाक्य के अंग के रूप में प्रयुक्त होता है।
  - लोकोक्ति में लोक जीवन का अनुभव/कथा/कहानी जुड़ी होती है।
- 'हमने सीखा' के माध्यम से मूल बिंदुओं की पुनरावृत्ति।